प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 07.05.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू–कश्मीर में आतंकवादियों के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर में नौ आतंकी ठिकानों को किया पूरी तरह नष्ट।
2. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और कैबिनेट को ऑपरेशन के बारे में दी जानकारी : रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता और साहस को सराहा।
3. पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले कानपुर के शुभम द्विवेदी के परिजनों ने प्रधानमंत्री और भारतीय सेना का जताया आभार : कहा– यह हमार लिये गर्व का पल।

और

4. पाकिस्तान पर सैन्य कार्रवाई के बाद प्रदेश में जारी हुआ रेड अलर्ट : पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने राज्य में सुरक्षा को और मजबूत करने के दिये निर्देश।

————————

पहलगाम आतंकी हमले का जवाब देते हुए भारतीय सशस्त्र बलों ने कल देर रात पाकिस्तान और पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले जम्मू और कश्मीर स्थित आतंकी ठिकानों पर कड़ा प्रहार करते हुए ऑपरेशन सिंदूर संचालित किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रात भर इस सैन्य कार्रवाई पर नजर बनाए रखी।

ऑपरेशन सिंदूर 25 मिनट का था और इस जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू–कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया गया। नई दिल्ली में भारतीय सेना, भारतीय वायु सेना और विदेश मंत्रालय की संयुक्त प्रेस वार्ता में भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी और भारतीय वायुसेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने बताया कि पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया गया। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन कल रात एक बजकर पांच मिनट से एक बजकर तीस मिनट तक चलाया गया।

कर्नल सोफिया कुरैशी ने पाकिस्तान अधिकृत जम्मू कश्मीर में स्थित आतंकी ठिकानों के नाम बताए ं, जहां भारतीय सेना ने कार्रवाई की है। बाइट....

*सवाई नाला कैंप मुजफ्फराबाद यह एक लश्कर–ए–तैयबा का ट्रेनिंग सेंटर था। 20 अक्टूबर 2024 सोनमर्ग, 24 अक्टूबर 24 गुलमर्ग, 22 अप्रैल 2025 पहलगाम। इन हमलों के आतंकियों ने इन्हीं से प्रशिक्षण लिया था। सैयद–ना–बिलाल कैंप मुजफ्फराबाद यह एक जैशे मोहम्मद का स्टेजिंग एरिया है यह हथियार विस्फोटक और जंगल सरवाईवल का ट्रैनिंग का केन्द्र भी था। गुलपुर कैंप कोटली यह एलओसी से 30 किलोमीटर दूर था। लश्कर–ए–तैयब्बा का बेस था जो राजौरी, पुंछ में सक्रिय था। 20 अप्रैल 2023 को पुंछ में और 9 जून 2024 कोतीर्थ*

*यात्राओं के बस हमले में यहीं से आतंकी को ट्रेंड किया गया था। बरनाला कैंपबिम्बर यहां पर हथियार हैंडलिंग आईडी व जंगल सर्वाइवल का प्रशिक्षण केंद्र था अब्बास कैंप कोटली लश्कर–ए–तैयब्बा फिदायीन यहां तैयार होता था। इसकी कैपेसिटी 15 टेररिस्ट को ट्रेंड करने की थी।*

कर्नल कुरैशी ने पाकिस्तान क अंदरूनी ठिकानों के नाम का भी जिक्र किया है। बाइट....

*सर्जल कैंप सियालकोट ये अंतर्राष्ट्रीय सीमा से 6 किलोमीटर की दूरी पर है। मार्च 2025 में जम्मू एंड कश्मीर पुलिस के चार जवानों की जो हत्या की गई थी उन आतंकवादियों को इसी जगह पर ट्रैंड किया गया था। दूसरा महमूना जाया कैंप सियालकोट, यह 18 से 12 किलोमीटर आईबी से दूर था। हिजबुल मुजाहिदीन का बहुत बड़ा कैंप था। यह कठुआ जम्मू क्षेत्र में आतंक फैलाने का नियंत्रण केंद्र था। पठान कोट एयर फोर्स बेस पर किया गया हमला भी इसी कैंप से प्लान और डायरेक्ट किया गया था। मरकज तैयबा मुरीदके 2008 के मुंबई हमले के आतंकी भी यही से प्रशिक्षित हुए थे। अजमल कसब डेविड हेडली भी यहां ट्रैंड हुए थे।*

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले की जांच से पाकिस्तान के आतंकियों से संबंधों का पर्दाफाश हुआ है। बाइट....

*पहलगाम आतंकवादी हमले की जांच से पाकिस्तान के साथ आतंकवादियों के संपर्क उजागर हुए हैं। रेजिस्टेंस फ्रंट द्वारा किए गए दावे और लश्कर–ए–तैयबा से ज्ञात सोशल मीडिया हैंडल द्वारा इसको रि–पोस्ट किया जाना इसकी पुष्टि करता है। चश्मदीद गवाहों और विभिन्न जांच एजेंसियों को उपलब्ध अन्य सूचनाओं के आधार पर हमलावरों की पहचान भी हुई है।*

————————

प्रधानमंत्री मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद कहा कि भारतीय सेना ने सफलतापूर्वक इस कार्रवाई को अंजाम दिया है। प्रधानमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए सशस्त्र बलों की सराहना की। इसी बीच उन्होंने राष्ट्रपति द्रापदी मुर्मू और कैबिनेट को ऑपरेशन के बारे में जानकारी दी।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर पर कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने वीरता और साहस का परिचय देकर इतिहास रच दिया है। उन्होंने कहा कि सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन के दौरान सटीकता, सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ काम किया और योजनाबद्ध रणनीति के अनुसार निर्धारित लक्ष्य को नष्ट कर दिया। बाइट....

*प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सेनाओं ने ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च करके पहले की तरह ही इस बार भी आतंकियों को ट्रेनिंग देने वाले कैंपस को तबाह करके करारा जवाब दिया है। भारत ने अपनी सरजमीं पर हुए हमले का जवाब देने के लिए अपने राइट टू रिस्पांस का इस्तेमाल किया है और हमारी यह कार्रवाई बेहद सोच समझकर सधे हुए तरीके से की गई है। आतंकियों के हौसले पस्त करने के उद्देश्य से यह कार्रवाई महज उनके कैम्प और इंफ्रास्ट्रक्चर तक ही सीमित रखी गई है।*

—————

पाकिस्तान और पीओके में स्थित आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना के आपरेशन सिंदूर के तहत की गई कार्रवाई की भाजपा और उसके सहयोगी दलों के साथ विपक्षी दलों ने भी सराहना की है। एक रिपोर्ट...

*गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा किऑपरेशन सिंदूर, पहलगाम में देश के निर्दोष भाइयों की निर्मम हत्या का भारत का*

*जवाब है। श्री शाह ने कहा कि भारत आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए दृढ़ संकल्प है। विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने कहा कि विश्व को आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करना चाहिए। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी बदले की कार्रवाई की सराहना की है। लोकसभा में विपक्ष के नेता और रायबरेली के सांसद राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उन्हें सशस्त्र सेनाओं पर गर्व है।*

केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने आज गोंडा में ऑपरेशन सिंदूर पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कि निर्दोष नागरिकों की हत्या करने वालों को सैन्य कार्रवाई के जरिए कड़ा संदेश दिया गया है। बाइट....

*हम लोगों को अपने दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब देना है। खास कर के ऐसे लोग जिन्होंने पहलगाम में निर्दोष लोगों की हत्या की पर्यटकों की हत्या की हमारे दुश्मन देशों को संदेश ले लेना चाहिए की हम लोगों को उनके चप्पे चप्पे की खबर है एक एक ठिकाने की खबर है और आगे ऐसे और एक्शन लेना होगा तो हम लोग उतनी ही मजबूती से लेंगे।*

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऑपरेशन सिंदूर पर भारतीय सेना की सराहना की है। वहीं बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने अपन सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि आपरेशन सिंदूर की कार्रवाई गौरवमय और सराहनीय है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पराक्रमो विजयते लिखकर सेना की सराहना की। लखनऊ स्थित ऐशबाग ईदगाह के इमाम और ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य खालिद रशीद फरंगी महली ने ऑपरेशन सिंदूर को वक्त की जरूरत बताया।

उन्होंने कहा कि दहशतगर्दी और आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने की जरूरत है।

————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप पादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————————

विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना आज पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले कानपुर के शुभम द्विवेदी के परिजनों से मिलने उनके घर पहुंचे। इस मौके पर श्री महाना ने कहा कि हमारी सेना ने जिस पराक्रम के साथ आतंकी ठिकानों को नेस्त नाबूद किया, वह हमारे लिए बेहद गर्व का पल है। बाइट....

*सेनाओं के प्रति जितना भी हम आभार देकर जितने दिन की शौर्य गाथा गए वह कम है। ये उन छब्बीस निर्दोष बच्चों को जिन्होंने हत्या करी है पिछले दिनों पहलगाम में उनका बदला तो है ही ये उसके साथ साथ छब्बीस ग्यारह का भी बदला है उसके साथ साथ पुलवामा का भी बदला है क्योंकि सारे आतंकी जहाँ जहाँ वो अपने ऑपरेट करते थे सारे के सारे उसको ध्वस्त करने का काम हमारी सेनाओं ने किया है।*

शुभम द्विवेदी के पिता संजय द्विवेदी ने कहा कि हमारी सेनाओं ने जिस तरह से आंतकी ठिकानों को नष्ट किया है यह पहलगाम हमले में मारे गए लोगों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। शुभम की पत्नी ऐशान्या ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए प्रधानमंत्री और भारतीय सेना का आभार जताते हुए कहा कि आतंकवाद का पूरी तरह खात्मा जरूरी है। बाइट....

*हम इस देश की बेटियाँ है हम खड़े होंगे हम लड़ेंगे हम लड़ रहे थे और आज मोदी जी ने ये करके हमें दिखा दिया है कि वो भी हमारे साथ उसी लड़ाई में खड़े है वो जाके बदला लेके आएँगे लिया है और ये सिर्फ शुरुआत है जितने भी आतंकवादी है सब खत्म होंगे।*

————————

केंद्रीय गह मंत्री अमित शाह ने आज सीमावर्ती राज्यों के मुख्यमंत्रियों, पुलिस महानिदेशकों आर मुख्य सचिवों के साथ बैठक की। बैठक में उत्तर प्रदेश, पंजाब, राजस्थान समेत अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री और लद्दाख तथा जम्मू–कश्मीर के उपराज्यपालों ने भाग लिया।

————————

भारत की पाकिस्तान पर सैन्य कारवाई के बाद प्रदेश में रेड अलट जारी कर दिया गया है। प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने कहा कि पुलिस की सभी फोल्ड संरचनाओं को रक्षा इकाइयों के साथ समन्वय करने और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा को मजबूत करने का निर्देश दिया गया है। डीजीपी ने कहा है कि यूपी पुलिस

हर नागरिक की सुरक्षा के लिए पूरी तरह सतर्क और तैयार है। वहीं भारत नेपाल सीमा पर भी सतर्कता बढ़ा दी गई है। पुलिस और एसएसबी बॉर्डर पर संयुक्त गश्त कर रह हैं। हर आने जाने वाले की गहनता से तलाशी व जांच पड़ताल की जा रही है। रेलवे स्टेशनों पर भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज हुई केंद्रीयमंत्रिमंडल की बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। मंत्रिमंडल ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई के लिए राष्ट्रीय योजना को बढ़ावा देने और कौशल विकास के लिए कानपुर समेत देश में पांच राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना को मंजूरी दी है। पेश है एक रिपोर्ट....

*यह योजना 1,000 सरकारी आईटीआई को हब में अपग्रेड करने और पांच राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थानों की क्षमता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करेगी। इसमें इन संस्थानों में कौशल विकास के लिए पांच राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना भी शामिल होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कैबिनेट के इस फैसले के लिएप्रधानमंत्री का आभार जताया है। अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने लिखा है कि यह ऐतिहासिक निर्णय युवाओं को कौशल युक्त बनाने के साथ ही उद्योग को सक्षम जनशक्ति और विकसित भारत केलक्ष्य को गति देगा। इसके अलावा आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति–सीसीईए ने बिजली क्षेत्र को कोयला आवंटन के लिए नीति भारत में पारदर्शी तरीके से कोयला दोहन और आवंटन की योजना– शक्ति में संशोधन को स्वीकृति दे दी है। आकाशवाणी समाचार कक्ष से शैलेन्द्र शर्मा।*

————————

गृह मंत्रालय के निर्देश पर देश के दो सौ चौवालिस वर्गीकृत नागरिक सुरक्षा जिलों में नागरिक सुरक्षा अभ्यास और पूर्वाभ्यास आयोजित किया जा रहा है। प्रदेश सरकार की विशेष पहल पर उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में यह अभ्यास कराया जा रहा है। अलग अलग जिलों में मॉक डिंल का समय वहां के जिला प्रशासन ने स्थानीय स्तर पर निर्धारित किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ में हो रही नागरिक सुरक्षा मॉकड्रिल में शामिल हो रहे हैं। कई जिलों में आज शाम अबसे थोड़ी देर बाद ब्लैक ऑऊट का भी पूर्वाभ्यास होगा, जिसे लेकर जिला प्रशासन ने एडवाइजरी भी जारी की है।

इससे पहले आज सुबह जालौन और उरई में मॉकड्रिल हुई। उरई के राजकीय इंटर कॉलेज में मॉकड्रिल के अभ्यास में आगजनी की घटना पर फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंची और वहां पर बिल्डिंग में फंसे नागरिकों को सुरक्षित निकालते हुए अस्पताल पहुंचाने का अभ्यास किया। इस दौरान पुलिस कर्मी भी अलर्ट मोड पर रहे।

गाज़ियाबाद में नागरिक सुरक्षा और जिला प्रशासन ने संयुक्त रूप से जिले के 11 स्कूलों में व्यापक स्तर पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया। इस दौरान छात्रों और नागरिकों को आपातकालीन स्थिति में सुरक्षा और बचाव के प्रभावी तरीकों से अवगत कराया गया।

वाराणसी के पुलिस लाइन मैदान में मॉक ड्रिल के ज़रिए लोगों को किसी भी आपात स्थिति में बचाव के लिये जागरूक किया गया। वाराणसी के जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि आवश्यकता पड़ने पर आम नागरिक किस प्रकार से अपनी हिफाजत खुद कर सकत हैं।

————————

सामान्य विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा–स्नातक–सीयूईटी– यूजी 13 मई तक के लिए स्थगित कर दी गई है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने कल रात यह घोषणा की। पहले यह परीक्षा 8 मई से शु़रू होने वाली थी।

(समाप्त)